## संपादकीय

# तीन साल में योगी कितने बदल पायेंगे हालात?



नरवीर यादव
कार्यकारी संपादक

लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को उत्तर प्रदेश में काफी नुकसान उठाना पड़ा। यूपी की वजह से केंद्र में मोदी की पूर्ण बहुमत की सरकार नहीं बन पाई, जो बीजेपी यूपी में 80 सीटें जीतने का सपना पाले हुए थी, वह 33 सीटों पर सिमट गई। बीजेपी का ग्राफ इतनी तेजी से गिरा की अब तो विपक्षी नेता खास-कर राहुल गांधी और अखिलेश यादव तो दिल्ली में मोदी को सबक सिखाने के पश्चात तीन साल बाद 2027 में योगी को भी धूल चटाने की बात करने लगे हैं। 2027 में उत्तर प्रदेश विधानसभा के चुनाव होने हैं और तब योगी की प्रतिष्ठा दांव पर होगी। 2027 के चुनाव में जहां राहुल गांधी और अखिलेश यादव बढ़े हुए मनोबल के साथ मैदान में उतरेंगे, वहीं बीजेपी को 2024 के नतीजे कचोटते रहेंगे, जबकि भारतीय जनता पार्टी 2024 जैसे चुनावी नतीजे 2027 विधानसभा चुनाव में नहीं देखना चाहती है। इसीलिये बीजेपी आलाकमान के साथ-साथ सीएम योगी आदित्यनाथ उन मुद्दों की धार कुंद करने में लग गये हैं जिसके सहारे कांग्रेस-सपा गठबंधन ने बीजेपी को आईना दिखाया था।

लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन ने संविधान, दलित ओबीसी आरक्षण, बेरोजगारी, महंगाई को बीजेपी के खिलाफ सबसे मजबूत चुनावी हथियार बनाया था। अबकी से राहुल के मुंह से अड़ानी-अंबानी, नोटबंदी, राफेल विमान खरीद भ्रष्टाचार, चौकीदार चोर है, जैसे तमाम जुमले सुनने को नहीं मिले थे। राहुल गांधी के साथ-साथ अखिलेश यादव भी अपनी जनसभाओं में दो ही बातें दोहराते रहे, पहला मोदी को 400 सीटें मिली तो वह संविधान बदल देंगे, दूसरा दलितों और ओबीसी को मिलने वाला आरक्षण खत्म कर दिया जायेगा। इसके अलावा राहुल की महिलाओं को 8500 रुपए प्रति माह देने की गारंटी ने भी बीजेपी का खेल बिगाड़ दिया। चुनाव बाद भी जिस तरह से राहुल गांधी संविधान की किताब लिये घूम रहे हैं उसकी काट के लिये अब मोदी सरकार ने इमरजेंसी के 50 वर्ष पूरे होने के मौके पर कांग्रेस को घेरना शुरू कर दिया है। मोदी के मंत्री से लेकर छोटे-बड़े सभी नेता लगातार बता रहे हैं कि 1975 में किस तरह से तत्कालीन इंदिरा गांधी की सरकार ने इमरजेंसी लगाकर संविधान की आत्मा को तार-तार कर दिया था। सदन में तो इमरजेंसी के खिलाफ निंदा प्रस्ताव तक पास हो गया। सबसे खास बात यह रही कि मोदी सरकार जब इमरजेंसी के खिलाफ निंदा प्रस्ताव लाई तो इसके खिलाफ कांग्रेस सदन में अकेले ही खड़ी नजर आई। राहुल के सबसे मजबूत साथी समझे जाने वाले सपा प्रमुख अखिलेश यादव भी इमरजेंसी मुद्दे पर कांग्रेस के साथ नहीं गये।

बहरहाल, आम चुनाव में इंडी गठबंधन के कुछ दमदार और असरदार साबित हुए मुद्दों की धार को मोदी सरकार कम करने में लगी है तो दूसरी ओर गठबंधन के कुछ मुद्दों की हवा निकालने के लिये योगी सरकार ने अपने कंधों पर जिम्मेदारी ले रखी है। योगी ने इसके लिये अभी से सरकार के पेंच कसना शुरू कर दिये हैं। संगठन स्तर पर भी काम चल रहा है। यूपी विधानसभा चुनाव 2027 के शुरूआती तीन-चार महीनों में सम्पन्न होना है। इस हिसाब से सरकार के पास तीन साल से भी कम का समय बचा है। यह तय माना जा रहा है कि लोकसभा चुनाव से सबक लेते हुए विधानसभा चुनाव में बीजेपी खराब छवि वाले विधायकों का टिकट काटने में भी आलाकमान परहेज नहीं करेगा। गौरतलब हो, हाल में सम्पन्न लोकसभा चुनाव में बीजेपी को उम्मीद से काफी कम सीटें मिली थीं। चुनाव आयोग ने जो आकड़े जारी किये हैं उसके अनुसार यूपी में 80 लोकसभा सीटें जिसके अंतर्गत 403 विधान सभाएं आती हैं,वहां अबकी से बीजेपी 162 विधान सभा क्षेत्रों में समाजवादी और कांग्रेस गठबंधन के प्रत्याशी से पिछड़ गई थी। इन 162 विधान सभा क्षेत्र के विधायकों पर भी गाज गिर सकती है।वहीं 2027 में विपक्ष एक बार फिर से बेरोजगारी को मुद्दा नहीं बना पाये इसके लिये योगी ने सभी खाली पड़े रिक्त पदों को भरने के लिये बम्पर नौकरियां निकाली हैं। अभी एक लाख नौकरियां निकाले जाने की बात कही जा रही है जिसका आंकड़ा 2027 के विधानसभा चुनाव की तारीख नजदीक आने तक पांच लाख तक पहुंच सकता है। इसी के साथ पेपर लीक की घटनाओं पर अंकुश लगाने और इसमें लिप्त अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिये भी एसटीएफ तेजी से काम कर रही है। बेरोगारी और पेपर लीक की घटनाओं के चलते युवा वर्ग केन्द्र और राज्य सरकारों के खिलाफ काफी आक्रोशित है। उधर, इन युवाओं को गुस्से को विपक्ष हवा-पानी देने का काम कर रहा है। ऐसी ही एक मोदी सरकार की एक और योजना अग्निवीर भी सरकार के लिये बड़ा मुद्दा बना हुआ है। विपक्ष लगातार इसे खत्म करने की मांग कर रहा है। इस योजना का दुष्प्रभाव मोदी सरकार लोकसभा चुनाव में देख भी चुकी है। कुल मिलाकर योगी सरकार बम्पर नौकरियां निकाल कर विपक्ष को उसकी बेरोजगारी वाली सियासत से बेरोजगार करना चाहती है।बात सरकार से हटकर संगठन स्तर की कि जाये तो लोकसभा चुनाव में यूपी से मिली चोट भाजपा को बेचैन किए हुए हैं। योगी की छवि पर भी प्रश्न चिन्ह लगा है। केंद्र में तीसरी बार मोदी सरकार के गठन के बाद भाजपा के जिम्मेदार अब यूपी में पार्टी के ग्राफ गिरने के कारणों की पड़ताल पर लगा है। पार्टी स्तर पर प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चैधरी और महामंत्री संगठन धर्मपाल ने वोट में आई गिरावट को लेकर चर्चा की। तय किया गया है कि भाजपा के पक्ष में कम मतदान की जांच होगी। दरअसल, यूपी के चुनाव परिणाम से भाजपा के स्थानीय से लेकर शीर्ष नेतृत्व में हड़कंप मचा हुआ है। पिछले चुनाव की तुलना में इस बार करीब नौ फीसदी कम वोट मिले हैं। अब इन्हीं वोट का पता लगाने को लेकर माथापच्ची शुरू हो गई है कि आखिर यह वोट भाजपा से छिटक कर कहां गया। इसका पता करने के लिए टास्क फोर्स का गठन किया गया है। इसमें संगठन के पदाधिकारियों के अलावा स्थानीय जनप्रतिनिधियों को शामिल किया जाएगा। फोर्स के सदस्य गांव-गांव जाकर यह पता लगाएंगे कि भाजपा के कोर वोटर माने जाने वाले ओबीसी और दलितों में सेंध किस दल ने लगाया है।

एनडीए को जहां 174 विधानसभा क्षेत्रों में बढ़त मिली वहीं विपक्षी गठबंधन 224 सीटों पर आगे रहा है। 50 सीटों पर आगे रहना वाला विपक्षी गठबंधन, राज्य में सरकार बनाने के लिए जरूरी 202 सीटों के जादुई आंकड़े से कहीं अधिक है। इसी चिंता से मोदी-योगी और बीजेपी मुक्ति चाहते हैं।योगी लगातार भाजपा के कार्यकर्ता और पदाधिकारियों में जोश भरने का काम कर रहे योगी अपने कार्यकर्ताओं को समझा रहे हैं कि लोकसभा चुनाव में विरोधियों के दुष्प्रचार और भ्रम जाल में फंसकर कई वोटर भाजपा से दूर चले गये थे, जिनको वापस अपने पाले में लाना होगा। मुख्यमंत्री ने बूथ स्तरीय पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपते हुए कहा कि रूठे लोगों के मनाएं और उन्हें दोबारा भाजपा के साथ मजबूती से जोड़ें। मुख्यमंत्री कह रहे हैं कि बूथ प्रभारी अपने-अपने बूथ पर मिले वोटों की समीक्षा करें। 2017 और 2022 के विधानसभा और 2019 और 2024 के लोकसभा चुनाव में मिले वोटों के आधार पर नए सिरे से रणनीति बनाकर 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारी में अभी से जुट जाएं। स्वयं समीक्षा करें कि वोटों का अंतर क्यों कम हुआ है। जो कारण मिले उसे दूर करने की दिशा में काम करें।

# फूटने वाला है जनसंख्या बम: संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट

समाचार गेट/ब्यूरो



न्यूयॉर्क। संयुक्त राष्ट्र की एक नई रिपोर्ट में गुरुवार को कहा गया है कि अगले दशकों में विश्व की जनसंख्या में 2 बिलियन से अधिक की वृद्धि होने की उम्मीद है। रिपोर्ट में बताया गया है कि 2080 के दशक में यह लगभग 10.3 बिलियन के शिखर पर पहुंच जाएगी, जो एक दशक पहले की तुलना में एक बड़ा बदलाव है।

विश्व जनसंख्या दिवस पर जारी की गई रिपोर्ट में कहा गया है कि सदी के अंत तक वैश्विक जनसंख्या घटकर लगभग 10.2 बिलियन रह जाने की उम्मीद है।

रिपोर्ट तैयार करने वाले संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या प्रभाग के प्रमुख जॉन विल्मोथ ने कहा कि इस सदी में विश्व की जनसंख्या के चरम पर पहुंचने की संभावना काफी अधिक है।

उन्होंने कहा, "यह एक दशक पहले के संयुक्त राष्ट्र के अनुमानों की तुलना में एक बड़ा बदलाव है, जब अनुमानित संभावना लगभग 30% थी कि वैश्विक जनसंख्या अधिकतम तक पहुंच जाएगी और इस प्रकार 21वीं सदी के दौरान वृद्धि समाप्त हो जाएगी।

" वकनेल यूनिवर्सिटी के गणित के प्रोफेसर टॉम कैसिडी ने बताया कि जर्नल डेमोग्राफी में हाल ही में प्रकाशित शोध, जिसके वे सह-लेखक हैं, ने भी गणना की है कि सदी के अंत से पहले जनसंख्या चरम पर होगी।

वर्ल्ड पॉपुलेशन प्रॉस्पेक्ट्स 2024 रिपोर्ट के अनुसार, जनसंख्या का अनुमान से पहले चरम पर पहुंचना कई कारक हैं। हालांकि दुनिया के कुछ सबसे बड़े देशों, खासकर चीन में प्रजनन क्षमता का कम होने की आशंका है।

चीन की जनसंख्या 2024 में 1.4 बिलियन से 2100 में 633 मिलियन तक नाटकीय रूप से घटने का अनुमान है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक स्तर पर, महिलाएं 1990 की तुलना में औसतन एक बच्चा कम पैदा कर रही हैं, और आधे से अधिक देशों और क्षेत्रों में, प्रति महिला जीवित जन्मों की औसत संख्या 2.1 से कम है। यह वह स्तर है जो किसी देश की आबादी को प्रवास के बिना अपने आकार को बनाए रखने के लिए आवश्यक है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन, इटली, दक्षिण कोरिया और स्पेन सहित दुनिया के लगभग 20% देशों में प्रजनन क्षमता "अत्यंत कम" है, जहां महिलाओं के 1.4 से भी कम बच्चे जीवित जन्म लेते हैं। विल्मोथ ने कहा कि चीन में, वर्तमान संख्या प्रति महिला लगभग एक जन्म है।

आर्थिक विकास के लिए संयुक्त राष्ट्र के सहायक महासचिव नवीद हनीफ ने रिपोर्ट लॉन्च करते हुए एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि 2100 में दुनिया की आबादी अनुमान से कम होने की उम्मीद "एक दशक पहले की तुलना में एक बड़ा बदलाव दर्शाती है,

जिसका हमारे ग्रह की स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण नीतिगत निहितार्थ है।" रिपोर्ट के अनुसार, 2024 में चीन, जर्मनी, जापान और रूस सहित 63 देशों और क्षेत्रों में जनसंख्या पहले ही चरम पर पहुंच चुकी है।

इस समूह में, अगले 30 वर्षों में कुल जनसंख्या में 14% की गिरावट आने का अनुमान है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि ब्राजील, ईरान, तुर्की और वियतनाम सहित अन्य 48 देशों और क्षेत्रों में जनसंख्या 2025 और 2054 के बीच चरम पर पहुंचने का अनुमान है।

संयुक्त राज्य अमेरिका, भारत, इंडोनेशिया, नाइजीरिया और पाकिस्तान सहित शेष 126 देशों और क्षेत्रों के लिए, जनसंख्या 2054 तक बढ़ने की उम्मीद है, "और, संभावित रूप से, सदी के उत्तरार्ध या बाद में चरम पर होगी।"

इनमें से नौ देशों के लिए - जिनमें अंगोला, मध्य अफ्रीकी गणराज्य, कांगो, नाइजीरिया और सोमालिया शामिल हैं - संयुक्त राष्ट्र बहुत तेज वृद्धि का अनुमान लगा रहा है,

जहाँ 2024 और 2054 के बीच उनकी आबादी दोगुनी हो जाएगी। विल्मोथ ने कहा कि ये अंतर चौंकाने वाले हैं, लेकिन "यह समझना महत्वपूर्ण है कि सभी आबादी एक समान रास्ते पर चल रही है।" उन्होंने कहा, "यह अंतर इसलिए है क्योंकि देश लंबे जीवन और छोटे परिवारों की ओर जनसांख्यिकीय संक्रमण के विभिन्न चरणों में हैं।"

# सेहत का खजाना, इन 5 बड़ी बीमारियों के खतरे को करता है कम

समाचार गेट
यश महलोनियां



नई दिल्ली। भारतीय रसोई में कई सब्जियों में पंचफोरल का इस्तेमाल किया जाता है। यह पांच प्रकार पांच प्रकार के मसालों का मिश्रण होता है, जैसे कि मेथी, कलौंजी, जीरा, धनिया और सौंफ। इसे कलौंजी का मसाला भी बोलते हैं। पंचफोरन केवल खाने का स्वाद ही नहीं बढ़ाता है, बल्कि इसके हर एक मामले में छुपे गुण, स्वास्थ्य को लाभ देते हैं।यह मसाला पेट के स्वास्थ्य के लिए भी अच्छा होता है और डायबिटीज को भी कंट्रोल करता है। तो आइए पंचफोरन के फायदों के बारे में जानते हैं। हम यह भी जानेंगे कि इसे हम अपनी दिनचर्या में कब और कैसे शामिल कर सकते हैं।जीरा और सौंफ में पाचन एंजाइमों को बेहतर बनाने वाले गुण होते हैं, जिससे पाचन प्रक्रिया में सुधार आता है। इससे गैस, ब्लोटिंग और अपच जैसी समस्याओं में राहत मिलती है। इस मौजूद मेथी पेट के अल्सर और एसिडिटी में भी फायदेमंद होती है।पंचफोरन में मौजूद मेथी ब्लड शुगर को नियंत्रित करने में मदद करती है, जिससे यह डायबिटीज रोगियों के लिए लाभकारी माना जाती है। इसमें मौजूद कलौंजी भी ब्लड शुगर के स्तर को कम करने में सहायक होती है।

### एंटीऑक्सीडेंट गुण

जीरा और कलौंजी में एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं जो शरीर को फ्री रेडिकल्स से होने वाले डैमेज से बचाने में मदद करते हैं और इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाते हैं। इसमें मौजूद सौंफ भी शरीर से टॉक्सिन्स को बाहर निकालने का काम करता है।

### सूजन कम करता है

पंचफोरन में मौजूद जीरा और मेथी में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो सूजन को कम करने में मदद करते हैं। कलौंजी भी सूजन और दर्द में राहत प्रदान करती है।

### हार्ट हेल्थ के लिए बढ़िया

कलौंजी, जीरा और मेथी हृदय स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद होते हैं। यह कोलेस्ट्रॉल के स्तर को नियंत्रित करने में मदद करते हैं और ब्लड प्रेशर को नियंत्रित रखते हैं।

### वजन घटाने में मददगार

मेथी और सौंफ वजन घटाने में सहायक होते है, जो मेटाबॉलिज्म को बूस्ट करने के साथ आपकी क्रेविंग को कंट्रोल करती है। जीरा भी वजन घटाने में भी सहायक है।

# कौन सा जानवर पानी पीने के बाद मर जाता है? 4 जेनरल नॉलेज के सवाल

समाचार गेट/एजेंसी

नई दिल्ली। सामान्य ज्ञान हमें समृद्ध करने का एक महत्वपूर्ण स्रोत है।

यह न सिर्फ हमें नई जानकारी और तथ्यों से अपडेट रखता है, बल्कि हम समाज, इतिहास, और विज्ञान के विभिन्न पहलुओं को बेहतर तरीके से समझ पाते हैं। हमारे इस विशेष संकलन में, हम आपको कुछ ऐसे ही 10 रोचक सवालों और उनके उत्तरों से रूबरू कराएंगे। ये जेनरल नॉलेज के प्रश्न उत्तर हर उम्र के लोगों के काम आ सकते हैं।

1. अंतरिक्ष में जाने वाली पहली भारतीय महिला कौन थी?
सुनीता विलियम्स
कल्पना चावला
अनुशेह अंसारी
राखी शर्मा
उत्तर: कल्पना चावला

2. भारत का राष्ट्र गान "जन गण मन" मूल रूप से किस भाषा में लिखा गया था?
हिंदी
उर्दू
बांग्ला
तमिल
उत्तर: बांग्ला

3. महात्मा गांधी का पूरा नाम क्या था?
मोहनलाल गांधी
मोहनदास करमचंद गांधी
मोहनदास लालकृष्ण गांधी
मोहनदास विनायक गांधी
उत्तर: मोहनदास करमचंद गांधी

4. संसद का ऊपरी सदन कौन सा है?
लोक सभा
राज्य सभा
विधान सभा
विधान परिषद
उत्तर: राज्य सभा

# मुकेश अंबानी की छोटी बहू ने पहने ऐसे कपड़े कि सब हैं हैरान

समाचार गेट/अन्तराम



नई दिल्ली। अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की वेडिंग के तीसरे दिन रिसेप्शन पार्टी रखी गई है। जहां बॉलीवुड, टीवी इंडस्ट्री, भोजपुरी सिनेमा के साथ अलग-अलग स्टार्स अपनी चमक बिखेर रहे हैं। जहां हसीनाएं अपने फैशनेबल अंदाज और स्टाइल से हुस्न का जादू चलाती हुई नजर आ रही हैं, लेकिन दुल्हन राधिका के आगे किसी का बस नहीं चल पाया है।मुकेश अंबानी की छोटी बहूरानी ने एक बार फिर बता दिया कि वो एशिया के सबसे अमीर खानदान की बहू बनी हैं। हर बार की तरह ही राधिका मर्चेंट अमीरी वाली ठाठ दिखाती हुई नजर आईं। सोने की तरह चमक रही ड्रेस में उन्होंने अपनी खूबसूरती की चमक को भी बखूबी बिखेरा। और, रिसेप्शन के दिन राजकुमारी जैसी सुंदर लगीं।

साटिन के कपड़े से बने राधिका की स्कर्ट में पीछे से एक लंबी ट्रेल जोड़ी गई है, जो रॉयल लुक दे रहे ही है। इसे गोल्ड जरी और जरदोजी की कढ़ाई से खूबसूरत बनाया गया है। बड़े-बड़े फ्लावर से बॉर्डर बनाने के साथ बीच में हैवी कढ़ाई की गई है। इससे उन्होंने एक दम राजकुमारी वाले स्टाइल में कैरी किया है।राधिका मर्चेंट ने शाही लुक वाली ड्रेस को कॉम्प्लिमेंट देने के लिए एक बड़ा सा दुपट्टा भी स्टाइल किया है जो उनकी स्कर्ट की ट्रेल से मैच कर रहा है। इसे उन्होंने अपने दोनों शोल्डर पर रखकर सॉल की तरह ओढ़ा हुआ है। जिसकी वजह से बैक साइड से ऐसा लग रहा है कि ट्रेड और दुपट्टा आपस में जुड़े हैं।हर बार की तरह राधिका मर्चेंट की जूलरी रॉयल रही। उन्होंने गले में स्टेटमेंट हीरों का हार, जिसमें बहुत सारे येलो डायमंड लगे हैं। इसके साथ मैचिंग ईयररिंग और बैंगल के साथ ही रिंग भी पहनी। बालों को मीडिल पार्टिशन में खुला और स्टेट रखकर बहुत ही खूबसूरत लग रही थी। ये कहना बिलकुल भी गलत नहीं होगा कि उनका ये अंदाज भी कमाल का था।

# मुंज्या से लेकर कल्कि तक इन अवतारों के पीछे हैं ये कलाकार



समाचार गेट/एजेंसी

नई दिल्ली। आप ने हॉरर मूवी तो देखी होगी, जिनमें हर एक कैरेक्टर का इस तरह से मेकअप किया जाता है कि कोई भी देखकर उन्हें पहचान नहीं सकता है।

लेकिन क्या कभी आपने सोचा है कि इनके पीछे कौन से कलाकार होते हैं और उनका मेकअप कौन करता है? हाल ही में आई फिल्म मुंज्या में जिस एलियन को दिखाया गया है, वो और कोई नहीं बल्कि शारवरी वाघ हैं।ये जानकर आपको भी हैरानी हुई होगी, लेकिन ये सच है।

और सिर्फ ये ही नहीं और भी कई फिल्में हैं जिनके किरदारों का ऐसा मेकअप किया गया है कि कलाकार का ओवर ऑल लुक ही चेंज हो गया है।

आज हम आपको इस लेख में उन दो कलाकारों के बारे में बताने वाले हैं, जिन्होंने 'मुंज्या' और 'कल्कि' में शारवरी वाघ और अमिताभ बच्चन का ऐसा मेकअप किया कि प्रोसेस देखकर आपकी रूह कांप जाएगी।

फिल्म 'मुंज्या' के अवतार को इतनी प्रभावी और डरावना बनाने का श्रेय मेकअप आर्टिस्ट मनीष चंद्रा शर्मा को जाता है।

उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो भी पोस्ट की थी, जिसमें एक्ट्रेस शारवरी के मेकओवर प्रोसेस को दिखाया गया था।

आप खुद नीचे दी गई वीडियो में देख सकते हैं कि एक कैरेक्टर को उसका रूप देने में कितना समय और मेहनत लगती है।

अमिताभ बने अश्वत्थामाहाल ही में दीपिका पादुकोण, प्रभास और अमिताभ बच्चन की आई फिल्म 'कल्कि' में बिग बी ने अश्वत्थामा का किरदार निभाया है।

इस किरदार के लिए जितनी मेहनत अमिताभ बच्चन ने की थी, उतनी ही उनके मेकअप आर्टिस्ट ने भी की।

बच्चन साहब के कैरेक्टर को स्टैब्लिश करने का काम प्रीति शील ने किया था।

# ध्यान से समाधि की ओर तभी चलेंगे, जब द्वंद्वमुक्त होंगे

नई दिल्ली। योगसूत्र में कहा गया है कि चित्तवृत्तियों अथवा मन पर नियंत्रण ही योग है। योग के आठ अंग हैं- यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि। चिकित्सा-पद्धति के रूप में या फिर शरीर और मन के रूपांतरण के लिए योग के इन सभी आठों अंगों का अभ्यास करना अनिवार्य है। योग में शारीरिक और मानसिक दोनों प्रकार के अभ्यास सम्मिलित होते हैं। सवाल है कि शारीरिक अभ्यास क्रम महत्वपूर्ण है या मानसिक अभ्यास क्रम? हमारा शरीर और व्यक्तित्व वास्तव में हमारी भाव प्रक्रिया से ही बनता है। जैसा हम लगातार चिंतन करते हैं, जो कुछ भी हम सोचते रहते हैं, हम वैसे ही हो जाते हैं। इसलिए हमारी विचार प्रक्रिया का सीधा असर हमारे स्वास्थ्य या फिर रोग पर भी पड़ता है। यही विचार प्रक्रिया रोग के उपचार में भी सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यहां मन महत्वपूर्ण हो जाता है। जैसा या जो भी हम चाहते हैं वह मन-मस्तिष्क की एक खास अवस्था (अल्फा) में ही पूरा होता है। अब प्रश्न उठता है कि अगर सारा खेल मन का ही है तो फिर आसन और प्राणायाम की हमें जरूरत ही क्या है? वास्तव में भौतिक शरीर की जड़ता को खत्म करके उसे मन से जोड़ने और उसके बाद मन को अपेक्षित दशा अर्थात अल्फा अवस्था में ले जाने के लिए योगासन और प्राणायाम का अभ्यास अनिवार्य है।जब हम योग-साधना करते हैं तो कोई न कोई भाव तो हमारे मन में व्याप्त होता ही है। मन के कई स्तर हैं। चेतन या जाग्रत अवस्था में भी भाव तो होता है लेकिन वह वास्तविकता में नहीं बदलता, क्योंकि एकाग्रता और ध्यान के बिना यह असंभव है। एकाग्रता और ध्यान से हम अपेक्षित अल्फा लेवल में पहुंच जाते हैं या यूं कहें कि अल्फा लेवल में पहुंच कर ही हम एकाग्रता और ध्यान की अवस्था में पहुंच सकते हैं। अल्फा लेवल कहिए या ध्यान की अवस्था, इसी में मन हमारे भावों को वास्तविकता में बदलने में सक्षम होता है। अगर हमारा शरीर स्वस्थ है और मन अपेक्षाकृत कम चंचल है तो शरीर को सही आसन में रखकर दो-चार गहरी सांस लेने पर ही हम अल्फा अवस्था में पहुंच जाएंगे और फिर इस अवस्था में पहुंचकर हम जैसा भी विचार करेंगे, जो भी सोचना शुरू करेंगे, वही भौतिक जगत में वास्तविकता ग्रहण करने लगेगा।

अगर हम यह सब ध्यानावस्था के बगैर दोहरा रहे हैं कि मैं स्वस्थ अथवा रोगमुक्त हूं तो उस अवस्था में हमारे विचार, संकल्प या फिर स्वीकारोक्ति के विरोधी विचार भी उठने लगते हैं। ध्यान या एकाग्रता की अवस्था में ही किसी मनचाहे विचार को अक्षुण्ण रखा जा सकता है। द्वंद्व से भी यहीं आकर मुक्ति संभव है। द्वंद्वातीत अवस्था ही उपचार की आदर्श अवस्था है और द्वंद्वातीत अवस्था के लिए मन की गहराई में उतरना या अल्फा लेवल में पहुंचना अनिवार्य है। यही वह अवस्था है जहां हम रोग को निर्मूल कर सकते हैं या रोग की पीड़ा से मुक्त हो सकते हैं। सुख-दुख, लाभ-हानि, आय-व्यय, राग-द्वेष, मान-अपमान से ऊपर उठकर हमारा मन समता में स्थित हो, यह इसी अवस्था में संभव है। यहीं ध्यान से समाधि की ओर अग्रसर होने का मार्ग प्रशस्त होता है। इसी में योग की पूर्णता है।



# थलापति विजय की GOAT के तेलुगू वर्जन के लिए मिले इतने करोड़

थलापति विजय वर्तमान समय में तमिल सिनेमा के ख्यातनाम सुपर सितारों में शामिल हैं। उनकी पिछली प्रदर्शित फिल्म लियो, जो पैन इंडिया फिल्म थी ने बॉक्स ऑफिस पर वैश्विक स्तर पर 700 करोड़ से ज्यादा का कारोबार करते हुए रजनीकांत की फिल्म जेलर को पीछे करने में सफलता प्राप्त की थी। लियो की व्यापक सफलता में जहाँ हिन्दी भाषी वर्जन का भी बड़ा हाथ था, वहीं दुसरी ओर इस फिल्म के तेलुगू वर्जन ने जबरदस्त कामयाबी प्राप्त की थी। लियो के तेलुगू वर्जन ने आंध्रप्रदेश और तेलंगाना में 20 करोड़ से ज्यादा का कारोबार करके सनसनी फैला दी थी। तेलुगु भाषा में प्रदर्शित हुई थलापति की पिछली कुछ फिल्मों ने बेहतरीन कारोबार करके इस बात का संकेत दे दिया है कि थलापति विजय अब सिर्फ तमिल में ही नहीं अपितु तेलुगु भाषी क्षेत्रों में भी काफी लोकप्रिय हो गए हैं। इसी वजह से उनकी अगली फिल्म ग्र.इ.ऑ. को वितरकों ने भारी राशि देकर वितरण अधिकार खरीद लिए हैं। प्राप्त समाचारों के अनुसार उनकी अगली फ़िल्म GOAT (ग्रेटेस्ट ऑफ़ ऑल टाइम्स) को कथित तौर पर 17 करोड़ रुपये में माइथ्री मूवी मेकर्स ने खरीद लिया है, जिन्होंने 'सलार' और 'हनु मैन' जैसी बड़ी फ़िल्मों के साथ वितरक का काम किया है। चेन्नई के एक फिल्म सूत्र ने बताया, भले ही कुछ शीर्ष वितरकों ने बातचीत की हो, लेकिन तमिल निर्माताओं की मांग के अनुसार माइथ्री मूवीज़ ने 17 करोड़ रुपये के आकर्षक भुगतान के साथ सौदा पक्का कर लिया। सूत्र का कहना है कि दरअसल, विजय की पिछली रिलीज़ वरसुडु ने आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में लगभग 12 करोड़ रुपये कमाए थे, और लियो ने 20 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई की थी। विजय तेलुगु राज्यों में एक नए उभरते सितारे हैं क्योंकि उनकी फ़िल्में बॉक्स ऑफ़िस पर पैसे कमा रही हैं। वह अपनी फ़िल्म GOAT के साथ आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में हैट्रिक बनाने की कगार पर हैं। इसमें लोगों के दिलों को जीतने की भी काफ़ी क्षमता है। पिछली बार, सिथारा एंटरटेनमेंट्स ने 'लियो' के साथ अच्छा पैसा कमाया था और अब टॉलीवुड में उनके समकक्षों की बारी है। विजय ने रजनीकांत और कार्थी जैसे अपने सहयोगियों को पीछे छोड़ दिया है और 'लियो' के बाद वह बहुत आगे जाने वाले हैं। अभी, तमिल सितारे निश्चित रूप से दो तेलुगु राज्यों में धूम मचा रहे हैं और तेलुगु खरीदारों से अच्छी रकम प्राप्त कर रहे हैं।



# रोमांस के अलावा एक्शन करना भी जानती हैं बॉलीवुड अभिनेत्रियां

बॉलीवुड की कई अभिनेत्रियां ऐसी हैं, जिन्होंने बड़े पर्दे पर हर तरह के किरदार निभाए हैं। कुछ ने रोमांस किया, तो वहीं कुछ हसीनाओं ने एक्शन सीन भी किए हैं। आज उन्हीं अभिनेत्रियों की बात करने जा रहे हैं, जिन्में से कुछ अभिनेत्रियों ने फिल्मों और वेब सीरीज में एक्शन किया है, तो कुछ अभी आने वाली फिल्मों में एक्शन करती नजर आएंगी। करीना कपूर खान की फिल्म क्रू इस साल रिलीज हुई और फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया। इस साल उनकी दूसरी फिल्म सिंघम अगेन आने वाली है, जिसका फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। रोहित शेट्टी के निर्देशन में बन रही फिल्म सिंघम अगेन को लेकर सोशल मीडिया पर काफी ज्यादा बज बना हुआ है। इस फिल्म में अजय देवगन, करीना कपूर खान, अर्जुन कपूर, दीपिका पादुकोण, रणवीर सिंह नजर आएंगे। इस मल्टीस्टारर फिल्म में करीना और दीपिका दोनों ही धांसू एक्शन करती नजर आएंगी।

### प्रियंका चोपड़ा

इन दिनों अपनी आगामी फिल्म द ब्लफ को लेकर लगातार चर्चा में बनी हुई हैं। इस फिल्म में प्रियंका जमकर एक्शन करती नजर आएंगी। हाल ही में प्रियंका ने सोशल मीडिया हैंडल पर अपनी एक तस्वीर साझा की थी और बताया था कि इस फिल्म में एक्शन सीन करते वक्त उन्हें कितनी खरोंच लगी हैं। वैसे यह पहली बार नहीं है, जब प्रियंका किसी फिल्म में एक्शन करती नजर आएंगी। इससे पहले भी प्रियंका ने वेब सीरीज सिटाडेल में जमकर एक्शन किया था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, वेब सीरीज सिटाडेल के हिंदी रुपांतरण में सामंथा रुथ प्रभु और वरुण धवन की जोड़ी तहलका मचाती नजर आएगी। इस सीरीज में सामंथा जमकर एक्शन करती नजर आएंगी। वैसे पहले कई फिल्मों में सामंथा एक्शन करती नजर आ चुकी हैं। फिल्म यशोदा में सामंथा ने जमकर एक्शन किया था।

### दिशा पाटनी


**दिशा पाटनी** अपने गलैमरस अंदाज के साथ ही अपनी फिटनेस के लिए भी चर्चा में बनी रहती हैं। दिशा 27 जून को रिलीज हुई फिल्म कल्कि 2898 एडी में रॉक्सी के किरदार में धमाकेदार एक्शन करती नजर आईं। दिशा वैसे भी कई फिल्मों में एक्शन का तड़का लगा चुकी हैं। दिशा ने हाल ही में अपनी फिल्म कल्कि 2898 एडी का बीटीएस वीडियो साझा किया था, जिसमें वह गुंडों की पिटाई करती हुई दिखाई दीं।

### कैटरीना कैफ



कैटरीना कैफ फिल्म टाइगर की अब तक की तीनों फ्रेंचाइजी में बदमाशों की पिटाई करती नजर आ चुकी हैं। कैटरीना का टाइगर 3 का टॉवल में एक्शन सीन काफी चर्चा में रहा था। फिल्म में कैटरीना ने जमकर एक्शन सीन किए। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 200 करोड़ रुपए की कमाई की थी। इस फिल्म में कैटरीना के अलावा सलमान खान और इमरान हाशमी ने अहम भूमिका निभाई थी।


### आलिया भट्ट



आलिया भट्ट ने कुछ ही दिनों पहले अपनी आगामी वाईआरएफ की फिल्म अल्फा का एलान सोशल मीडिया हैंडल पर किया था। बहरहाल, आलिया इन दिनों अल्फा की शूटिंग में व्यस्त हैं। बता दें कि वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स फीमेल लीड पर पहली बार फिल्म लेकर आ रहा है अल्फा। रिपोर्ट्स के मुताबिक यशराज की स्पाई यूनिवर्स की इस फिल्में में आलिया एक सुपर-एजेंट के किरदार में नजर आने वाली हैं। आलिया के साथ इस फिल्म में मुंजा अभिनेत्री शरवरी वाघ भी नजर आएंगी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार आलिया और शरवरी दोनों ही फिल्म में जबरदस्त एक्शन करती नजर आएंगी।




# लंदन में क्रूज पर शूट होगी हाउसफुल 5 संजय दत्त की एंट्री



कॉमेडी फिल्म हाउसफुल फ्रेंचाइजी की पांचवीं किस्त हाउसफुल 5 अपने एलान के बाद से ही सुर्खियों में है। यह 2025 की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। अब फिल्म को लेकर उत्साहित प्रशंसकों के लिए एक और बड़ी खबर सामने आई है। यह खबर कलाकारों की सूची में नवीनतम जुड़ाव के बारे में है, जिसमें बॉलीवुड के शानदार अभिनेता संजय दत्त शामिल हो गए हैं।

### हाउसफुल 5 से जुड़े संजय दत्त

हाउसफुल 5 के कलाकारों में अक्षय कुमार, अनिल कपूर, अभिषेक बच्चन, नाना पाटेकर, रितेश देशमुख और चंकी पांडे प्रमुख भूमिका में हैं और अब, संजय दत्त अपनी प्रसिद्ध कॉमेडी टाइमिंग के साथ बोर्ड पर आ गए हैं। इसने फिल्म में मनोरंजन की एक अतिरिक्त परत जोड़ दी है और दर्शक अनोखे चुटकुलों और मनोरंजन के साथ और भी अधिक हंसी की उम्मीद कर सकते हैं।

### साजिद नाडियाडवाला ने किया स्वागत

प्रोडक्शन हाउस ने अपने सोशल मीडिया पर घोषणा करते हुए लिखा, एनजीई फैमिली यह एलान करते हुए रोमांचित है कि संजय दत्त, हाउसफुल 5 परिवार में शामिल हो रहे हैं। पागलपन से भरी एक और रोमांचक यात्रा का इंतजार है। साजिद नाडियाडवाला की हाउसफुल 5 का निर्देशक तरुण मनसुखानी कर रहे हैं। इस खुशखबरी के सामने आते ही प्रशंसकों ने पोस्ट पर प्रतिक्रियाओं की लड़ी लगा दी।

### संजय दत्त ने साझा की खुशी

हाउसफुल 5 से जुड़ने की खुशी साझा करते हुए संजय दत्त ने कहा, साजिद मेरे लिए परिवार की तरह हैं, और हमारी दोस्ती पिछले कुछ वर्षों में और मजबूत हुई है। मैं हाउसफुल 5 में उनके साथ दोबारा काम करने को लेकर रोमांचित हूं और आने वाले वर्षों में उनके साथ कई और सहयोग करने की उम्मीद करता हूं।

# क्राइम सीरीज द परफेक्ट कपल से हॉलीवुड डेब्यू कर रहे हैं ईशान खट्टर



ईशान खट्टर, सुजैन बियर की आगामी क्राइम सीरीज द परफेक्ट कपल से हॉलीवुड में डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। सीरीज में निकोल किडमैन मुख्य भूमिका में हैं। अभिनेता ने सीरीज का ट्रेलर शेयर किया, जिसमें अभिनेता के किरदार की झलक दिखी। ट्रेलर को दर्शकों का प्यार मिला, अभिनेता की सराहना करने वालों में उनकी भाभी मीरा राजपूत भी शामिल हुईं। मीरा ने अपने देवर के लिए एक प्यारे संदेश के साथ अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर ट्रेलर साझा किया, जो वायरल हो गया। मीरा ने ईशान के लिए लिखा- सॉलिड, तुम पर गर्व है, तुम जीत गए भाई, दर्शकों को भी मीरा की यह प्रतिक्रिया पसंद आई ईशान के पिता राजेश खट्टर ने भी अपनी खुशी जाहिर की।

# रिलेशनशिप पर बोलीं अभिनेत्री आशा नेगी



दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत के साथ टीवी शो पवित्र रिश्ता में काम करने वाली अभिनेत्री आशा नेगी के रिलेशनशिप को लेकर काफी सवाल किए जाते हैं। आशा के प्रशंसक उनके सोशल मीडिया हैंडल उनके रिश्ते को लेकर कमेंट करते रहते हैं। अब आशा नेगी ने अपने रिलेशनशिप और सोशल मीडिया को लेकर खुलकर बात की है। एक रिपोर्ट के अनुसार, आशा नेगी ने कहा कि लोग डेटिंग को लेकर उनकी आलोचना करते रहते हैं। इसके चलते वो सोशल मीडिया से दूरी बनाने की जरुरत पर भी जोर देती हैं। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि अब वो इसकी आदी हो चुकी है। पहले लोगों की टिप्पणियों से परेशानी होती थी, लेकिन अब इसकी आदत हो चली है। आशा ने कहा कि वो खुद को इस दबाव में नहीं रखती हैं कि उन्हें हर वक्त सोशल मीडिया पर दिखना है। अपने आप को आजादी देने के लिए वो सोशल मीडिया से दूरी बनाती रहती हैं। आशा से पूछा गया कि आजकल कलाकारों पर सोशल मीडिया पर दिखने का दबाव रहता है। अपने जवाब में इस दबाव को स्वीकारते हुए उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया से लाभ उठाना चाहिए, न कि इसका दुरुपयोग करना चाहिए। अपने रिलेशनशिप पर बात करते हुए आशा नेगी ने साफ-साफ शब्दों में कहा कि वो इन दिनों सिंगल हैं और उसी में खुश हैं। उन्होंने आगे कहा कि वो अपने जीवन में आगे बढ़ रही हैं और सब बढ़िया चल रहा है। आशा ने कहा कि अब उनका ध्यान खुद पर और अपने काम पर है। उन्होंने कहा कि वो कम्फर्ट जोन में न रहकर आगे बढ़ना चाहती हैं। आशा नेगी हाल ही में, वेब सीरीज इंडस्ट्री में अभिनय करती दिखाई दी थीं। इसमें उन्होंने सान्या सेन की भूमिका निभाई हैं। यह सीरीज मनोरंजन उद्योग की जटिलताओं को सामने रखती है।



# कृति सनोन ने प्रोजेक्ट सोल दे अलीबाग में खरीदी जमीन

अभिनेत्री कृति सनोन ने द हाउस ऑफ अभिनंदन लोढ़ा के साथ अपना पहला निवेश किया है। उन्होंने अलीबाग में स्थित उनके प्रीमियम प्रोजेक्ट सोल डी अलीबाग में 2000 वर्ग फीट जमीन खरीदी है। उनके निवेश से की स्थिति मजबूत हुई है, क्योंकि यह भारत में लग्जरी लाइफ़स्टाइल और एक्सक्लूसिव लैंड ओनरशिप को नए सिरे से परिभाषित कर रहा है। मांडवा जेट्टी से सिर्फ़ 20 मिनट की दूरी पर और दक्षिण मुंबई से समुद्र के रास्ते सिर्फ़ 60 मिनट की यात्रा पर स्थित, यह परियोजना अलीबाग के खूबसूरत शहर मे बसी है। हाल ही में शुरू की गई कनेक्टिविटी सुविधा को और बढ़ाती है, जिससे यह परियोजना अलीबाग के रियल एस्टेट परिदृश्य में एक परिष्कृत रिट्रीट की तलाश करने वालों के लिए और भी आकर्षक विकल्प बन जाती है। अपने पहले निवेश पर बोलते हुए, कृति सनोन ने कहा, अब मैं द हाउस ऑफ अभिनंदन लोढ़ा के खूबसूरत विकास, सोल दे अलीबाग में एक गौरवान्वित और खुश भूमिस्वामी हूँ। अपने दम पर ज़मीन खरीदना एक सशक्त यात्रा रही है और मैं कुछ समय से अलीबाग पर नज़र रखे हुए थी। मैं इस बारे में बिल्कुल स्पष्ट थी कि मैं क्या चाहती हूं - शांति, गोपनीयता और मेरे पोर्टफोलियो में एक बढ़िया निवेश! यहाँ तक कि मेरे पिता भी इस निवेश से प्रभावित थे। यह एक बेहतरीन जगह है, अलीबाग के ठीक बीच में, मंडवा जेट्टी से 20 मिनट से भी कम की दूरी पर, इसलिए यह अवसर सभी कसौटियों पर खरा उतरा। हाल ही में, अमिताभ बच्चन ने अलीबाग में इसी परियोजना में 10,000 वर्ग फीट का प्लॉट भी खरीदा है। कृति सनोन के निवेशकों की प्रतिष्ठित श्रेणी में शामिल होने के साथ, द हाउस ऑफ अभिनंदन लोढ़ा ने भारत में शानदार और विशिष्ट भूमि स्वामित्व के लिए प्रमुख विकल्प के रूप में अपनी प्रतिष्ठा को मजबूत किया है। अलीबाग अपनी प्राकृतिक सुंदरता और मुंबई से निकटता के कारण भूमि और संपत्ति निवेश के लिए एक प्रमुख गंतव्य बन गया है। मुंबई और अलीबाग के बीच संपर्क बढ़ाने के लिए सरकार की पहल रियल एस्टेट विकास को बढ़ावा दे रही है, जिससे डेवलपर्स, घर खरीदने वाले और निवेशक आकर्षित हो रहे हैं।

# शुभमन गिल संग डेटिंग रूमर्स पर रिधिमा पंडित ने तोड़ी चुप्पी

रिधिमा पंडित और शुभमन गिल को लेकर कई महीनों पहले खबरें आई थी कि दोनों एक दूसरे को डेट कर रहे हैं और जल्द ही शादी भी कर सकते हैं. अब एक्ट्रेस ने इसपर बात करते हुए कहा, लोगों ने मुझे शुभमन गिल के साथ जोड़ा, जो एक होनहार क्रिकेटर हैं और मैं उनका सम्मान करती हूं. हालांकि ये बिल्कुल भी सच नहीं है. टीवी इंडस्ट्री की फेमस एक्ट्रेस रिधिमा पंडित अपनी ग्लैमरस अदाओं और जबरदस्त एक्टिंग की वजह से अक्सर सुर्खियों में बनी रहती हैं. हालांकि बीते कई महीनों से अभिनेत्री एक और वजह से लाइमलाइट में है, कारण कुछ और नहीं बल्कि क्रिकेटर शुबमन गिल संग लिंकअप है. एक दिन सोशल मीडिया पर अचानक खबरें आई कि एक्ट्रेस शुबमन को डेट कर रही है. हालांकि तुरंत ही रिधिमा ने क्लियर कर दिया कि ये बातें महज अफवाह हैं. अब एक बार फिर एक्ट्रेस ने इसको लेकर बात की और बताया कि मेरी और शुबमन की डेटिंग रूमर्स बिल्कुल भी पीआर स्टंट नहीं था. अगर मुझे ये सब करना होता तो मैं बिग बॉस में कर लेती.

